# NATIONAL SERVICE SCHEME

# MAHILA SNATKOTTAR MAHAVIDYALAYA, BAHRAICH

# 2023-24



**Professor (Dr.) Priya Mukherjee**

Principal/Patron



**Dr. Amrita Mishra**

Program Officer

# महिला महाविद्यालय,बहराइच (उ0प्र0)

## सम्बद्ध–डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

# (वार्षिक प्रगति आख्या)

## सत्र –2023–2024

## जुलाई माह में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा किये गये कार्यों का विवरण–

दिनाँक 22–07–2023 को महिला महाविद्यालय बहराइच में वृक्षारोपण जन अभियान के अन्तर्गत प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में पर्यावरण प्रभारी डॉ0 संजय पाल सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के संयोजन में वृहद वृक्षारोपण कराया गया। इसमें सर्वप्रथम महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर एवं परिसर में विभिन्न स्थानों पर 750 पौधे राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं के सहयोग से रोपित किये गए। इस अवसर पर पर्यावरण समिति के सदस्य आकांक्षा पटेल, डेविड पांडेय, डॉ0 मनीषा खन्ना कार्यालय सहायक श्री कमल मिश्र,अतुल राव समेत अन्य लोग उपस्थित रहें।


डिग्री कॉलेज में भी पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन


60 लाख पौधे लगाकर किया गया धरा का श्रृंगार

हरियाली से आएगी धरती पर खुशहाली: शर्मा

दिनांक– 27–07–2023 को महिला पी0 जी0 कॉलेज बहराइच में प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) प्रिया मुखर्जी जी के दिशा निर्देशन में सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत एन0एस0एस0 की कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा एवं सड़क सुरक्षा प्रभारी आकांक्षा पटेल ने महाविद्यालय की छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई और उन्हें हेलमेट पहनकर दो पहिया वाहन चलाने एवं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग ना करें इसके प्रति जागरूक

किया। इस कार्यक्रम में डॉ0 यासमीन फात्मा, डॉ0 कमर जहाँ एवं डॉ0 रुही एवं अन्य प्रवक्तागण उपस्थित थे।


महिला पीजी कॉलेज में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित

दिनांक– 31.07.2023 को महिला पी0 जी0 कालेज बहराइच में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) प्रिया मुखर्जी व राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा एवं सड़क सुरक्षा प्रभारी आकांक्षा पटेल के नेतृत्व में दिनांक– 17.07.2023 से 31.07.2023 तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न जन जागरुकता कार्यक्रमों जिसके अन्तर्गत निबंध, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया इसके साथ ही छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई एवं रैली के द्वारा छात्राओं ने लोगों को शराब पीकर वाहन न चलाएं, बाइक पर सदैव हेलमेट का प्रयोग करें एवं वाहन तेज गति से न चलायें, कार चलाते समय सीट बेल्ट पहने, पैदल व साइकिल से सदैव बाई ओर चलें। वाहनों की समय–समय पर जाँच कराते रहें जिससे दुर्घटना से बचा जा सके आदि जानकारी दी एवं छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, सड़क सुरक्षा का रखें ध्यान, यातायात नियमों का करें सम्मान, सड़क सुरक्षा नियमों को अपनाना, कभी भी वाहन तेज नहीं चलाना, सुरक्षित वाहन चलायें, सुरक्षित घर जायें, नजर हटी दुर्घटना घटी आदि नारों से आम जनता को जागरुक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त प्रवक्ताएं उपस्थिति रहीं ।



## सड़क सुरक्षा सप्ताह के समापन अवसर पर महिला पीजी कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

## माध्यमिक शिक्षा विभाग के छोटे बड़े निर्माण कार्यों की



## सड़क सुरक्षा सप्ताह के समापन अवसर पर महिला पीजी कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

<u>अगस्त माह में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा किये गये कार्यों का विवरण–</u>

दिनाँक– 10–08–2023 को महिला महाविद्यालय बहराइच में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा फाइलेरिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बूथ की स्थापना हुई जिसमें सर्वप्रथम महाविद्यालय की शिक्षिकाओं ने स्वयं दवा का सेवन कर छात्राओं को प्रोत्साहित किया।




दिनाँक– 11–08–2023 को महिला महाविद्यालय बहराइच की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक द्वारा ग्राम सिसई हैदर में फाइलेरिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। ग्रामवासियों को फाइलेरिया से बचाव की  दवाई के सेवन के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी।

मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत दिनांक– 14–08–23 को महिला महाविद्यालय बहराइच में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा तिरंगा रैली एवं अमृत कलश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा स्वयं तैयार किए हुए तिरंगे रंग में रंगे आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए अमृत कलश में सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी द्वारा मिट्टी डाली गई और उसके बाद छात्राओं द्वारा। इसी क्रम में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में छात्राओं ने देशभक्ति पूर्ण नारे लगाते हुए रैली निकाली। छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ0 अमृता मिश्रा ने कहा कि यह अमृत पर्व हमें हमारी समृद्ध विरासत पर गर्व करने, एकता और एकजुटता बनाए रखने, नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करने और राष्ट्र की रक्षा करने वालों का सम्मान करने पर ध्यान केंद्रित करने की याद दिलाता है। इस अवसर पर डॉ0 ज्योति त्रिपाठी, डॉ0 सायरा खातून, डॉ0 यासमीन फातिमा, डॉ0 आकांक्षा पटेल, डॉ0 कमर जहाँ आदि प्रवक्तागण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं उपस्थित रहीं।



# महिला पीजी कलेज में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित



मिट्टी हाथ में लेकर शपथ ग्रहण करती महिला पीजी कॉलेज की शिक्षिकाएं व छात्राएं। फोटो : एसएनबी

बहराइच (एसएनबी)। मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व सोमवार को महिला महाविद्यालय में कार्यक्रम अधिकारी डा अमृता मिश्रा के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा तिरंगा रैली एवं अमृत कलश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा स्वयं तैयार किए हुए तिरंगे रंग में रंगे आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए अमृत कलश में सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी द्वारा मिट्टी डाली गई और उसके बाद छात्राओं द्वारा।

इसी क्रम में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा अमृता मिश्रा के निर्देशन में छात्राओं ने देशभक्ति पूर्ण नारे लगाते हुए रैली निकाली।

छात्राओं को संबोधित करते हुए डा अमृता मिश्रा ने कहा कि यह अमृत पर्व हमें हमारी समृद्ध विरासत पर गर्व करने, एकता और एकजुटता बनाए रखने, नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करने और राष्ट्र की रक्षा करने वालों का सम्मान करने पर ध्यान केंद्रित करने की याद दिलाता है।

दिनाँक– 15–08–2023 महिला महाविद्यालय, बहराइच परिसर में 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार आजादी के अमृत महोत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान 2023 के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ0 श्यामकरण टेकड़ीवाल द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया। इन कार्यक्रमों में संगोष्ठी, व्याख्यान और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए गए इसके साथ ही शासन के निर्देशानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम के जरिए महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) प्रिया मुखर्जी एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 संजय पाल सिंह द्वारा महाविद्यालय परिसर में 75 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर प्राचार्या ने देश के वीर सपूतों और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदानों को याद करते हुए महाविद्यालय और देश की प्रगति में योगदान के लिए छात्राओं को प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। ये समस्त कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में संपन्न हुए, जिसका संचालन डॉ0 सिद्धेश्वर उपाध्याय द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त प्रवक्तगण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

<u>सितम्बर माह में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा किये गये कार्यों का विवरण–</u>

दिनांक– 01–09–2023 को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या डॉ0 प्रो प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा बालिका हेल्थ क्लब के संयुक्त तत्वाधान 01 से 07 सितम्बर तक चलने वाले पोषण सप्ताह का शुभारंभ किया गया। पोषण सप्ताह के पहले दिन पोषण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को उक्त पोषण विषय पर बनी डॉक्यूमेन्ट्री दिखायी गयी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ0 मनीषा खन्ना ने कहा कि आज के समय में असंतुलित खान पान से स्वास्थ्य सम्बन्धी जटिलतायें बढ़ रही है। फास्ट फूड कल्चर ने लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित किया है। उन्होंने छात्राओं से आवाहन किया कि वे संतुलित आहार को अपने दैनिक जीवन में अपनायें। इस अवसर पर डॉ0 अमृता मिश्रा, डॉ0 अंकिता सिंह, डॉ0 गरिमा राय एवं डॉ0 रूही आदि प्रवक्तागण उपस्थित रहें।


शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें छात्राएं : डॉ. मुखर्जी

पीयर एजूकेटर्स के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक


संतुलित आहार के साथ व्यक्तिगत स्वच्छता जरूरी

दिनांक– 02–09–2023 को महाविद्यालय बहराइच में बालिका हेल्थ क्लब तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में एक से सात सितंबर तक चलने वाले पोषण सप्ताह के दूसरे दिन शनिवार को महाविद्यालय में एकदिवसीय डेंटल कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर की दंत चिकित्सक डॉ0 पूर्वा श्रीवास्तव ने छात्राओं को दाँतों के रख रखाव से संबंधित विशेष जानकारी प्रदान की तथा छात्राओं के दाँतों एवं मसूड़ों एवं मुख का परीक्षण किया गया। इसके बाद सभी छात्राओं को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। छात्राओं ने कैंप में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा अपने दांतों से जुड़ी विभिन्न समस्याएं डाक्टर को बताई। इस दौरान बालिका हेल्थ क्लब की प्रभारी डॉ0 अंकिता सिंह ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत छात्राओं में शैक्षिक जागरूकता के साथ स्वास्थ्य जागरूकता के लिए भी कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। सभी छात्राओं को इसका समुचित लाभ उठाना चाहिए। इस मौके पर उप प्रभारी डॉ0 गरिमा राय सदस्य डॉ0 रूही, डॉ0 मनीषा खन्ना समेत महाविद्यालय के अन्य प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे।



## 50 छात्राओं के दांतों की हुई जांच

बहराइच। महिला महाविद्यालय में पोषण सप्ताह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। शनिवार को महाविद्यालय परिसर में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। दंत चिकित्सक डॉ. पूर्वा श्रीवास्तव ने छात्राओं का दंत परीक्षण कर परामर्श दिया। शिविर में 50 छात्राएं पहुंचीं। डॉक्टर ने कहा कि दांतों की देखभाल करना जरूरी है। -संवाद



## पोषण सप्ताह के दूसरे दिन दांतों और मुंह का हुआ परीक्षण

अजय त्रिपाठी

बहराइच। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से संबद्ध महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहराइच में बालिका हेल्थ क्लब तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में एक से सात सितंबर तक चलने वाले पोषण सप्ताह के दूसरे दिन शनिवार को महाविद्यालय में एकदिवसीय डेंटल कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर की दंत चिकित्सक डॉ. पूर्वा श्रीवास्तव ने छात्राओं को दांतों के रख रखाव से संबंधित विशेष जानकारी प्रदान की तथा छात्राओं के दांतों एवं मसूड़ों एवं मुख का परीक्षण किया गया। इसके बाद सभी छात्राओं को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। छात्राओं ने कैंप में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा अपने दांतों से जुड़ी विभिन्न समस्याएं डाक्टर को बताई इस दौरान बालिका हेल्थ क्लब की प्रभारी डॉ. अंकिता सिंह ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत छात्राओं में शैक्षिक जागरूकता के साथ स्वास्थ्य जागरूकता के लिए भी कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। सभी छात्राओं को इसका समुचित लाभ उठाना चाहिए। इस मौके पर उप प्रभारी डॉ. गरिमा राय, सदस्य डॉ. रूही, डॉ. मनीषा खन्ना समेत महाविद्यालय की समस्त प्राध्यापिकाएं व अन्य शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

दिनांक– 08–09–2023 को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या डॉ0 प्रो प्रिया मुखर्जी के निर्देशन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रमाधिकारी डॉ0

अमृता मिश्रा के संयोजन में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक दिवसीय षिविर की शुरुआत प्राचार्या ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की। महाविद्यालय की शिक्षिकाओं के नेतृत्व में छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाल कर आम जन मानस को साक्षरता के लिए प्रेरित एवं जागरूक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ0 मनीषा खन्ना ने कहा कि साक्षरता में वो शक्ति है जो एक स्वस्थ,सशक्त, उन्नत एवं प्रगतिशील समाज का निर्माण करती है। एक साक्षर समाज देश के विकास को गति देता है एवं उसकी नींव को मजबूत करता है। साक्षरता के महत्व को रेखांकित करने और अधिक साक्षर एवं टिकाऊ समाज की दिशा में साक्षरता के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 8 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया जाता है। डॉ0 ज्योति त्रिपाठी ने कहा कि साक्षर समाज ही गतिशील समाज होता है जो निरंतर विकासित होता रहता है। देश के विकास के लिए नागरिकों का साक्षर होना आवश्यक है। साक्षरता उन्नति एवं विकास का कारक बनती है। डॉ0 अमृता मिश्रा ने छात्राओं को साक्षरता कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने एवं साक्षर भारत के सपने को साकार करने की शपथ दिलाई। डॉ0 प्रियंका श्रीवास्तव ने अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के इतिहास से परिचित कराते हुए इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इल्म से कल हो सुनहरा, ये बताया जाए, मुल्क के हर बच्चे को पढ़ाया जाए, दौलत ए इल्म दी है जो खुदा ने हमको,बांट कर इसको जमाने में बढ़ाया जाए। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 कमर जहां ने किया। इस दौरान महाविद्यालय डॉ0 मनीषा खन्ना, डॉ0 रीता शुक्ला, डॉ0 ज्योति त्रिपाठी, डॉ0 सायरा खातून, डॉ0 यासमीन फातिमा, डॉ0 आकांक्षा पटेल, कमल मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।



मौसम का मिजाज बदला, ट्रक पर गिरा पेड़, चेहल्लुम के मेले में मची अफरातफरी

साक्षरता में वो शक्ति है जो एक स्वस्थ और मजबूत समाज का निर्माण करती है: प्रो. प्रिया मुखर्जी

## समाज व देश के विकास को गति देता है साक्षर

**बहराइच।** अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर महिला महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. प्रिया मुखर्जी के निर्देशन एनएसएस की ओर से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्या ने सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाल कर आम जनमानस को साक्षरता के लिए प्रेरित एवं जागरूक किया। इस अवसर पर प्राचार्या ने कहा कि एक साक्षर समाज व देश के विकास को गति देता है एवं उसकी नींव को मजबूत करता है। उन्होंने बताया कि साक्षरता के महत्व को रेखांकित करने, अधिक साक्षर एवं टिकाऊ समाज की दिशा में साक्षरता के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 8 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया जाता है। डॉ. अमृता मिश्रा ने छात्राओं को साक्षर भारत के सपने को साकार करने की शपथ दिलाई। संवाद

दिनाँक– 23–09–2023 को महिला महाविद्यालय बहराइच की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी द्वारा छत्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।प्राचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमे अपने दैनिक जीवन मे स्वच्छता संबंधी आदतों का समावेश करना चाहिए,अपने घर एवं आस पास के क्षेत्र को हमे साफ रखना चाहिए एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।इसके पश्चात छत्राओं ने महाविद्यालय परिसर में झाडू लगाई व आस पास फैले कूड़े को एकत्र कर उसका निस्तारण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य प्रवक्तागणों ने उपस्थित रहकर छात्राओं को प्रात्साहित किया।



महिला पीजी कॉलेज की छात्राओं को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ

मंडलों तथा 14 ब्लाकों में संचालित होगा आयुष्मान कार्ड वितरण व बनाने का कार्य



# छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में लगाई झाड़ू व कूड़े को एकत्र कर किया निस्तारण

## महिला पीजी कॉलेज की छात्राओं को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ

अजय त्रिपाठी

बहराइच। शहर के महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अमृता मिश्रा के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी द्वारा छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर प्राचार्या डॉ. मुखर्जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता संबंधी आदतों का समावेश करना चाहिए,अपने घर एवं आस पास के क्षेत्र को हमे साफ रखना चाहिए एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए इसके बाद छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में झाड़ू लगाई व आस पास फैले कूड़े को एकत्र कर उसका निस्तारण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य प्रवक्तागणों ने उपस्थित रहकर छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

महिला महाविद्यालय बहराइच की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की श्रृंखला में दिनाँक 24–09–2023 को गोष्ठी एवं दिनाँक 25–09–2023 को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा

ने नवप्रवेशी स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देशयों से परिचित कराते हुए उन्हें उत्साह के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ0 रीमा शुक्ला, डॉ0 प्रियंका श्रीवास्तव एवं कु आकांक्षा पटेल ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए उनमे नई ऊर्जा का संचार किया। इसी क्रम में दिनाँक 25–09–2023 को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें प्रतीक्षा मिश्रा, राधिका मौर्या, स्वाति, अनामिका, जेबा, महक आदि छात्राओं ने गीत एवं चेतना,आयशा, शारिबा, सलोनी,मानसी गुप्ता आदि छात्राओं ने नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में समस्त प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

निष्पक्ष
दिव्य संदेश
www.divya

# महिला पीजी कॉलेज में एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया गया



[illegible]

# मनाया गया एनएसएस का स्थापना दिवस



न्यूज़ [illegible] | बहराइच

शहर के महिला पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की श्रृंखला में रविवार को गोष्ठी एवं सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमृता मिश्रा ने स्वयंसेवी स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों से परिचित कराते हुए उन्हें उत्साह के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्राओं का चतुर्दिक विकास होता है। ऐसे में छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमों में पूरी निष्ठा के साथ प्रतिभाग करना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ हेमा शुक्ला, डॉ शिखा श्रीवास्तव एवं कु. आकांक्षा पटेल ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए उनमें नई ऊर्जा का संचार किया। इसी क्रम में सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतीक्षा मिश्रा, [illegible] मौर्या, स्वाति, आकांक्षा, नेहा, महक आदि छात्राओं ने गीत एवं [illegible], [illegible] आदि छात्राओं ने नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।



## महिला पीजी कॉलेज में मना एनएसएस का स्थापना दिवस



27.09.2023

m/lucknow

2

## एनएसएस के मकसद से कराया परिचित

बहराइच। महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के तत्वावधान एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया गया। इसमें छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतीक्षा मिश्रा, राधिका मौर्या, स्वाति, अनामिका, जेबा व महक आदि छात्रओं ने गीत एवं चेतना, आयशा, शारिबा, सलोनी व मानसी गुप्ता आदि छात्राओं ने नृत्य पेश किया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा ने नवप्रवेशी स्वयं सेविकाओं को एनएसएस के उद्देश्यों से परिचित कराते हुए उत्साह के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. रीमा शुक्ला, डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव व आकांक्षा पटेल ने भी छात्राओं में नई ऊर्जा का संचार किया। -संवाद

दिनांक– 26–09–2023 को महिला महाविद्यालय बहराइच में अमर उजाला फाउंडेशन और राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक बहराइच

श्री कुंवर ज्ञानंजय सिंह अमर उजाला चीफ एवं महिला थाना प्रभारी शीला यादव रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक ने छात्राओं से सीधा संवाद करते हुए उनको महिला अपराध एवं उसे रोकने के लिए चलाए गए कार्यक्रमों यथा मिशन शक्ति, महिला साइबर सेल,शक्ति मोबाइल,महिला हेल्पडेस्क से परिचित कराया। उन्होंने छात्राओं को पॉक्सो एक्ट,साइबर क्राइम से अवगत कराते हुए उनसे बचाव के लिए जागरूक किया। उन्होंने छात्राओं की समस्याएं सुनी,उनका निदान किया एवं पूरे पुलिस विभाग की तरफ से उनको आश्वस्त करते हुए कहा कि वे बिना किसी डर और संकोच के पुलिस को अपनी समस्याओं से अवगत कराएं। पुलिस उनकी मित्र है। महिला थाना प्रभारी शीला यादव ने छात्राओं को गुड टच, बैड टच के बारे बताते हुए यौन उत्पीडन के लिए बनाए गए कानूनों से परिचित कराया। छात्राओं ने भी इस सीधे और सार्थक संवाद में खुलकर अपनी समस्याएं रखी। इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त प्राध्यापिकाएं एवं सदस्य उपस्थित रहे।


बहराइच

सोशल मीडिया पर बरतें सतर्कता

अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से महिला महाविद्यालय में हुई पुलिस की पाठशाला

दिनांक– 27–09–2023 को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) प्रिया मुखर्जी के निर्देशन एवं पंचवटी श्री सीताराम आश्रम और राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में संस्कार संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि  श्री रविशंकर जी महाराज रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) प्रिया मुखर्जी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। छात्रा प्रतीक्षा मिश्रा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि ने छात्राओं से सीधे

संवाद करते हुए कहा कि बच्चे समाज की अहम कड़ी है। आने वाला वक्त उनका है, उसे उन्हें ही संवारना है। इसलिए उन्हें शुरू से अच्छे संस्कार देने चाहिए जिससे वो सफल नागरिक बनने के साथ साथ अच्छे मनुष्य भी बन सकें। संस्कारों का मूल प्रयोजन आध्यात्मिक होने के साथ साथ नैतिक एवं चारित्रिक विकास का भी है। उन्होंने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि लक्ष्य, रास्ता, साधन,साथी और सामंजस्य इन पांच बातों का जीवन में ध्यान रखिए। अपना एक स्पष्ट लक्ष्य तय कीजिए, हर चुनौतियों को मात देते हुए लक्ष्य तक पहुंचने का रास्ता ढूंढिए। ऐसे साथी बनाइए जो आपके लक्ष्य एवं व्यक्तित्व के विकास में सहायक सिद्ध हों। जिसने जीवन में इन बातों को उतार लिया एवं परिस्थितियों से सामंजस्य स्थापित करना सीख लिया, उसने सार्थक जीवन जीने का गुर सीख लिया। छात्राओं ने भी इस सीधे और सार्थक संवाद में खुलकर प्रतिभाग किया एवं प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा शांत की। प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) प्रिया मुखर्जी ने मुख्य अतिथि का छात्राओं का मार्गदर्शन करने एवं उनकी जिज्ञासा को शांत कर सही राह दिखाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आज हमें इन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है जिससे हम सफल जीवन के साथ ही सार्थक जीवन जी सकें। बच्चे के संस्कार और शिष्टाचार उसके खुद के जीवन की ही नहीं बल्कि पूरे समाज की दिशा और दशा तय करते हैं। बचपन में दी गई शिक्षा व्यक्ति के साथ आजीवन रहती है इसलिए बच्चों को सही दिशा देना बहुत जरूरी है। ये मूल्य,विश्वास और संस्कार ही हमें आदर्श मनुष्य बनाते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अमृता मिश्रा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त प्राध्यापिकाएं एवं सदस्य उपस्थित रहे।



दिनांक 29–09–2023 को महिला महाविद्यालय बहराइच में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। छात्राओं

ने स्वच्छता से संबंधित पोस्टर बनाएं तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा एवं अन्य प्रवक्तागणों के निर्देशन में पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से नारे लगाते रैली निकालकर शहर वासियों को स्वच्छता के संबंध में जागरूक किया एवं उन्हें स्वच्छता संबंधी आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## पोस्टर प्रतियोगिता व जागरूकता रैली में महिला कॉलेज की छात्राएं शामिल

### राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत चलाया गया कार्यक्रम



## एनएसएस के माध्यम से छात्राओं का होता है चतुर्दिक विकास : डॉ. मिश्रा

### पोस्टर प्रतियोगिता और जागरूकता रैली में शामिल हुईं महिला कालेज की छात्राएं ,राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत चलाया गया कार्यक्रम

अजय त्रिपाठी

बहराइच। महिला महाविद्यालय बहराइच में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। छात्राओं ने स्वच्छता से संबंधित पोस्टर बनाएं तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा एवं अन्य प्रवक्ता के



निर्देशन मे पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से नारे लगाते रैली निकालकर शहर वासियों को स्वच्छता के संबंध मे जागरूक किया एवं उन्हें स्वच्छता संबंधी आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से जागरूकता अभियान के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छात्राओं को चाहिए कि वे राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करें। डॉ. मिश्रा ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से छात्राओं का चतुर्दिक विकास होता है। इस मौके पर कालेज स्टाफ के अनेक लोग उपस्थित रहे।

## स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली

बहराइच। महिला महाविद्यालय शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान छात्राओं ने स्वच्छता से संबंधित पोस्टर बनाए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा व प्रवक्तागणों के साथ शहर वासियों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। साथ ही स्वच्छता संबंधी आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। संवाद

दिनाँक– 30–09–2023 को महिला महाविद्यालय बहराइच में प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में कु आकांक्षा पटेल,श्रीमती गरिमा राय सहित महाविद्यालय के अन्य प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे।



## महिला पीजी कॉलेज में चलाया गया स्वच्छता ही सेवा अभियान, आयोजित हुईं प्रतियोगिताएं

अजय त्रिपाठी

बहराइच। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती से दो दिन पूर्व ही शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो गया। इसी क्रम में शहर के महिला पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रंगोली व निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का निर्देशन प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. प्रिया मुखर्जी ने किया। यह जानकारी राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि उनके निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। प्रतिभागी छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से अपनी भावनाएं उकेरी तथा निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव शेयर किए। इस कार्यक्रम में आकांक्षा पटेल,श्रीमती गरिमा राय सहित महाविद्यालय के अन्य सहायक प्रोफेसर उपस्थित रहे।



किए गए हैं।

महिला पीजी कॉलेज में चलाया गया स्वच्छता ही सेवा अभियान हुईं प्रतियोगिताएं

बहराइच। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती से दो दिन पूर्व ही शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो गया। इसी क्रम में शहर के महिला पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रंगोली व निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का निर्देशन प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. प्रिया मुखर्जी ने किया।यह जानकारी राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमृता मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि उनके निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। प्रतिभागी छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से अपनी भावनाएं उकेरी तथा निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव शेयर किए.इस कार्यक्रम में कु. आकांक्षा पटेल,श्रीमती गरिमा राय सहित महाविद्यालय के अन्य सहायक प्रोफेसर उपस्थित रहे।



**स्वच्छता ही सेवा विषय पर प्रतियोगिता**

बहराइच। महिला महाविद्यालय की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। शनिवार को प्राचार्य प्रोफेसर प्रिया मुखर्जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से अभियान चलाया गया। स्वच्छता ही सेवा विषय पर रंगोली व निबंध प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता सहित अब तक जितनी प्रतियोगिताएं हुई हैं, सभी का परिणाम दो अक्टूबर को घोषित किया जाएगा। (संवाद)

<u>अक्टूबर माह में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा किये गये कार्यों का विवरण–</u>

दिनाँक 01–10–2023 को महिला महाविद्यालय बहराइच में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 01 अक्टूबर 01 घंटा श्रमदान अभियान का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं एवं प्रवक्तागणों ने प्रातः 10 बजे से 01 घंटा तक स्वैच्छिक श्रमदान कर स्वच्छ भारत का संकल्प किया। इसके अतिरिक्त छात्राओं के लिए स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया।



**उत्साह संग श्रमदान, गांव-शहर चमकाने की होड़**

राष्ट्रपिता को स्वच्छांजलि: डीएम ने घंटाघर पार्क में श्रमदान कर अभियान का किया शुभारंभ

दिनांक–02–10–2023 को महिला महाविद्यालय परिसर में गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय

की प्राचार्या प्रो0. (डॉ0) प्रिया मुखर्जी और सचिव श्री श्यामकरन टेकड़ीवाल द्वारा ध्वजारोहण और गांधीजी तथा शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात् डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में गांधी जी की रामधुन व वैष्णव जन की सुंदर प्रस्तुति हुई। कार्यक्रमों की इस श्रृंखला में छात्राओं द्वारा गीत, भाषण, आदि की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0. (डॉ0) प्रिया मुखर्जी ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि गांधी जी की प्रासंगिकता हर युग में बनी रहेगी। बशर्ते कि हम गांधी और गांधीवाद के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें। इस अवसर पर सचिव श्री श्यामकरन टेकड़ीवाल ने कहा कि जब जब दुनिया को शांति, सुकून, सौहार्द और प्रेम की जरूरत होगी तब तब उसे गांधी याद आएँगे। डॉ0 मनीषा खन्ना और श्रीमती ज्योति त्रिपाठी ने भी अपने संबोधन द्वारा छात्राओं को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करते हुए गांधी जी एवं शास्त्री जी के जीवन से प्रेरणा लेने को कहा। इस अवसर पर भविष्य में स्वच्छता का संकल्प लेते हुए 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 रीता शुक्ला ने किया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।



शांति व सद्भाव की जरूरत पर याद आएंगे बापू व शास्त्री : श्याम करन



शांति और सद्भाव की जरूरत पर याद आएंगे बापू और शास्त्री : श्याम करन

महिला पीजी कॉलेज में बापू व शास्त्री जयंती पर छात्राओं ने प्रस्तुत किए आकर्षक कार्यक्रम



महिला पीजी कॉलेज में मनी जयंती

बहराइच। शहर के महिला पीजी कॉलेज में भी गांधी व शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। प्रबंध समिति सचिव श्यामकरन टेकड़ीवाल व प्रिंसिपल डॉ. प्रिया मुखर्जी ने चित्र पर माल्यार्पण किया। डॉ. अमृता मिश्रा के निर्देशन में छात्राओं द्वारा गीत भाषण आदि की प्रस्तुति की गई। डॉ. मनीषा खन्ना, ज्योति त्रिपाठी ने छात्राओं को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करते हुए गांधी एवं शास्त्री जी के जीवन से प्रेरणा लेने को कहा।

